भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4097

जिसका उत्तर 12 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

नीलाम किए गए कोयला ब्लॉकों का संचालन

4097. श्री सुनील कुमार:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा खनन के लिए नीलाम किए गए कोयला ब्लॉकों के संचालन में क्या प्रगति हुई है और झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में ऐसे ब्लॉकों की कुल संख्या कितनी है जहां उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है;

(ख) शेष नीलाम किए गए कोयला ब्लॉकों में उत्पादन शुरू न होने के क्या कारण हैं;

(ग) झारखंड में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की बनियाडीह ओपन कास्ट खान में आउटसोर्स किए गए ओपन कास्ट खनन कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) क्या आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण खनन क्षेत्रों के निकट बार-बार झड़पें होती रहती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) और (ख) : जून 2020 में वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी ढांचे के शुभारंभ के बाद से, कुल 141 कोयला ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है, जिनमें से 30 जून 2026 तक देश भर में 132 ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं। आबंटित 132 वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों में से 23 ब्लॉकों ने सभी अपेक्षित सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त करने के बाद खान खोलने की अनुमति (एमओपी) प्राप्त कर ली है।

शेष 109 ब्लॉक कोयला ब्लॉक अन्वेषण, खनन योजना तैयार करना, पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करना, वन स्वीकृति प्राप्त करना आदि जैसे विकास के विभिन्न चरणों में हैं। आंशिक रूप से

और पूरी तरह से अन्वेषित ब्लॉकों के लिए निर्धारित प्रचालन समय-सीमा आवंटन की तारीख से क्रमशः 66 महीने और 51 महीने है (नीलामी के 15वें दौर से क्रमशः 52 और 40 महीने तक संशोधित)। उत्पादन शुरू न होने का कारण यह है कि ब्लॉक या तो अन्वेषण चरण में हैं या खान प्रचालन के लिए आवश्यक सांविधिक स्वीकृति प्राप्त कर रहे हैं जैसे कि पर्यावरण मंजूरी (ईसी), वन मंजूरी (एफसी), खनन पट्टे को प्रदान करने और निष्पादन, भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास और अपनी निर्धारित समयसीमा के भीतर खनन अवसंरचना का विकास।

दिनांक 30.6.2026 तक, 23 प्रचालनरत वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों में से 15 ब्लॉकों ने कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है और शेष 8 ब्लॉक खान अवसंरचना विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इन 15 खानों में से 9 खानें झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित हैं। इन खानों का विवरण (वर्ष-वार और कुल) निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**झारखंड**	**ओडिशा**	**छत्तीसगढ़**	**कुल**
2023-24	0	1	5	6
2024-25	1	0	1	2
2025-26	0	1	0	1
कुल (संचयी)	**1**	**2**	**6**	**9**

(ग) : झारखंड में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत "बनियाडीह ओपन कास्ट खान" के नाम से कोई ओपन कास्ट खान नहीं है। इसलिए, सीसीएल में ऐसी खान में आउटसोर्स किए गए ओपन कास्ट खनन प्रचालनों अथवा इसकी वर्तमान स्थिति का प्रश्न नहीं उठता।

(घ) : यद्यपि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, फिर भी कंपनियों के आवंटितियों और कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों ने ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं दी है, जिससे आउटसोर्सिंग ठेकेदारों द्वारा स्थानीय निवासियों को रोजगार न देने के कारण खनन क्षेत्रों के पास बार-बार या व्यवस्थागत टकराव हुआ हो। स्थानीय मांगों से जुड़े छिट-पुट मामलों का कोयला कंपनियों द्वारा राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ सक्रिय समन्वय से तुरंत समाधान किया जाता है।

****